एक नजर में

आरएस राजपूत को मातृशोक

नवभारत न्यूज, ब्यावरा 09 दिसब्बर, का. ब्यावरा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर एवं मानस हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य आरएस राजपूत की माताजी श्रीमति हरवती देवी पति स्व सीताराम राजपूत का मंगलवार को स्वर्गवास हो गया. जिनका अंतिम संस्कार शाम 5 .30 बजे गृह ग्राम हिनोतिया जिला दतिया में किया गया. उनके निधन की खबर से शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है. सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को प्रभु श्री चरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की है.

पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष का इंतेकाल

सारंगपुर 09 दिसब्बर, सं. पूर्व

शहर कांग्रेस अध्यक्ष शाहिद अली खान मम्मा का 50वर्ष की आयु मे मंगलवार को सुबह उनके निवास सकेलवाड़ी वार्ड क्र 9 मे दुखत निधन हो गया. पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री खान कांग्रेस पार्टी में लम्बे समय तक शहर कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर रहे और कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए अनेक कार्य किये जिससे पार्टी को उनके जाने से काफी क्षति होगी. वे काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे. मंगलवार को उन्होंने उनके निवास पर अंतिम सांस ली. उनका जनाजा उनके निवास से पाडल्या रोड स्थित कब्रिस्तान तक निकल गया. जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सहित मिलने-जुलने वाले का बड़ी संख्या में शामिल हुए कब्रिस्तान मे उनको सुपुर्दे खाक किया गया.

873 रिक्त पंचों के पद पर निर्वाचन

राजगढ़ 09 दिसब्बर, का. पंचायत के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है. जिसमें जिले के 873 रिक्त पंचों के पद पर अधिसूचना 08 दिसम्बर को जारी की गई है. जिसमें पंच पदों की लिए नाम निर्देशन 15 दिसम्बर तक प्रस्तुत किए जा सकते है.

समन्वय समिति की बैठक 11 दिसम्बर को

राजगढ़ 09 दिसब्बर, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तर पर निवेश तथा औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने हेतु जिला स्तरीय उद्योग संवर्धन बोर्ड तथा जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड तथा जिला स्तरीय निर्यात संवर्धन बोर्ड की बैठक 11 दिसम्बर, 2025 को प्रात. 11 .30 बजे से ओसवाल वूलन मिल्स लिमिटेड के कान्फ्रेंस हॉल औद्योगिक क्षेत्र पीलूखेडी में आयोजित की जाएगी. महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा समस्त विभाग एवं समस्त उद्योगों के प्रतिनिधि से अपेक्षा की है कि विभागीय जानकारी के साथ बैठक में नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें.

जनसुनवाई में सुनी गईं आमजन की समस्याएं

राजगढ़ 09 दिसब्बर, का. जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाता है. आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, संयुक्त कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह दांगी, अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी श्रीमती निधी भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर सुश्री ज्योति राजोरे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे.

12 साल में टंकी अपूर्ण, उसे भरने का भी इंतजाम नहीं !

टंकी निर्माण में लापरवाही कर खुद नपा ने नागरिकों को प्यासा मारा, पिछले 33 सालों में सिर्फ तीन टंकी बना पाई नपा

- पेयजल संकट का एकमात्र बड़ा कारण टंकी का अभाव
- 33 सालों में दोगुना आबादी होने पर भी नपा रही बेपरवाह
- टंकी निर्माण में लापरवाही से उजागर हुआ नपा का भ्रष्टाचार

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 09 दिसंबर, का. नगर की मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की जवाबदारी नगरीय निकाय की होती है. ब्यावरा नगरपालिका इस मामले में अपवाद है. यहां नागरिकों को सुविधाएं देने में नहीं उन्हें यातनाओं को देने में नगरपालिका अपना बढ़चढ़कर योगदान देने में आगे रही है. आश्चर्य और दु:ख का विषय यह है कि जो नगर तीन दशकों से अधिक समय से पेयजल संकट का सामना कर रहा है उस संकट के निदान के लिये समयबद्ध योजना बनाने की बजाय नपा स्वयं ऐसे कृत्य करती रही है जिससे नागरिक जल संकट से ग्रसित होते रहे.

3 दशक में आबादी दोगुनी, सुविधा नहीं

पिछले तीन दशकों में नगरपालिका में बैठे जनप्रतिनिधि, तकनीकि अधिकारी, कर्मचारी यह नहीं समझ पाएं कि ब्यावरा के पेयजल संकट के निदान के लिये कब और कौन से प्रयास अपेक्षित है. पिछले 33 सालों में नगर की आबादी दोगुना हो गई लेकिन पेयजल वितरण व्यवस्था को लेकर नपा ने कभी गंभीरता नहीं बरती. पानी के नाम पर पैसे की बर्बादी कैसे अधिक हो सकती है इस पर ही नपा का ध्यान रहा. पिछले 33 सालों में नपा ने करोड़ों रूपये पानी के नाम पर बहा दिए लेकिन ठोस कार्य चंद ही हुए. ब्यावरा नगर के पेयजल संकट का बड़ा कारण वितरण व संग्रहण व्यवस्था का सुचारू नहीं होना रहा है. तमाम तकनीकि टीम भी इसे नहीं समझपाई. नपा ने इस दिशा में कभी ठोस कार्य ही नहीं किया .नगरपालिका पिछले 12 सालों से सुठालिया रोड स्थित काजीवाला बाग में एक टंकी का निर्माण पूरा नहीं कर पाई .अगर इस टंकी का कार्य पूर्ण कर उसे समय पर चालू कर दिया जाता तो नागरिकों को आज भीषण जल संकट के दौर से नहीं गुजरना पड़ता. पेयजल समस्या को लेकर नपा ने करोड़ो रूपये बर्बाद करने में अधिक रूचि दिखाई. इसी का परिणाम है कि नागरिक नित नई योजना के बाद भी प्यासे मरने को मजबूर है.

यह बात सुनने-पढ़ने में आश्चर्यचकित करती है लेकिन हकीकत यही है. जिस पेयजल संकट को लेकर नगरवासी 35-40 सालों से परेशान है उस संकट को लेकर नगरपालिका ने योजनाबद्ध तरीके से संकट निवारण के ठोस प्रयास नहीं किये. जो प्रयास किये वे दिखाऊ, भ्रष्टाचारजनित और अदूर्दर्शितापूर्ण रहे है.

नपा ने एक टंकी को पूर्ण करने में 12 साल की बड़ी समयावधि लगा दी. अब जाकर नपा ने इस टंकी को जैसे-तैसे शुरू करने की योजना तो बना ली है लेकिन सबसे बड़े आश्चर्य और दु:ख की बात यह है कि इस टंकी को भरने की व्यवस्था नपा के पास नहीं है. नपा का दावा है कि जो टंकी चार साल पहले टेस्टिंग के दौरान फूट गई थी उसे दुरूस्त कर लिया गया है. नपा का यह भी कहना है कि उसे पिछले तीन माह में कई बार पानी भरकर चेक कर लिया है. लेकिन उससे पेयजल वितरण की व्यवस्था के पूर्व उसे स्वच्छ जल से भरने के इंतेजाम आजतक नहीं हो पाए है.

वितरण, संग्रहण व्यवस्था सुधारे बिना पेयजल संकट दूर नहीं



नगरपालिका पानी के नाम पर चाहे कितना ही खर्चा कर ले लेकिन जब तक नपा पानी के वितरण और संग्रहण व्यवस्था को दुरूस्त नहीं करती तब तक पेयजल संकट दूर नहीं किया जा सकता है. नपा ने पेयजल संकट के नाम पर शासकीय धन को ठिकाने लगाने के लिये पाईप लाइन डाल दी लेकिन टंकी का निर्माण नहीं कराया. अब टंकी को दुरूस्त करने का दावा करने वाली नपा उसे भरने के इंतेजाम में जुटी है. जब नपा के पास संग्रहण और वितरण व्यवस्था ठीक नहीं होगी तो पानी नलों तक पहुंचेगा कैसे. नपा ने बिना विचार करे कई मोहल्ले ऐसे है जहां पाइप लाइन डाल दी. उनमें आज तक एक बूंद पानी नहीं पहुंचा है. नपा अगर इन सूखी पड़ी पाइप लाइन में पानी देना शुरू कर दे तो अभी जिन लोगो के नल सप्ताह में एक दिन चल रहे है वे एक माह में एक दिन आने लगेंगे. पिछले 33 सालों में नगरपालिका ने सिर्फ चार टंकी का निर्माण किया है. जबकि नगर की आबादी आज दोगुना से अधिक हो गई है. पूरा नगर सिर्फ चार टंकी पर निर्भर है. नगर की आबादी और क्षेत्रफल के मान से नगर को 10 टंकी की जरूरत है. एक टंकी को बनाने में 12 साल लगाने वाली नपा से 10 टंकी बनाने की उम्मींद चाहे बेमानी है लेकिन नगर के लिये यह जरूरत है और इसी में जलसंकट का हल समाया हुआ है.

> नपा ने संबंधित एजेंसी से टंकी की टेस्टिंग करा ली है. इस टंकी को भरने के लिए नपा समवेल के अभाव में बावड़ी का उपयोग करेगी. बावड़ी की सफाई कराने की कार्य योजना बनाई जा रही है.
>
> **इकरार अहमद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी**

समवेल का निर्माण नहीं, बावड़ी से भरने की योजना

नपा को जिस टंकी को निर्माण करने में 12 साल लग गये है वह उसे भरने के लिये समवेल नहीं बना पाई है. इस टंकी को भरने के लिये समीप स्थित बावड़ी को समवेल बनाने की दिशा में विचार कर रही है. नपा ने टंकी को टेस्ट करने के लिये इसी बावड़ी में मोटर लगाकर उसे भरा है. टेस्टिंग के दौरान पानी सप्लाई जनता को नहीं किया गया लेकिन अगर नपा टंकी को चालू करने की योजना बना रही है तो उसे सुद्ध पानी वितरण करने की योजना भी बनाना होगी. आज की स्थिति यह है कि इस टंकी को भरने के लिये उसके पास बावड़ी के पानी के अलावा कुछ नहीं है. नपा कुशलपुरा के पानी को बावड़ी में डालकर उसे टंकी में चढ़ाने की कल्पना कर रही है. इसका कारण यह है कि नपा ने टंकी के पास समवेल बनाने की कोई योजना नहीं बनाई. अब अगर उसे बावड़ी को ही समवेल बनाना है तो बावड़ी के पानी को तोड़कर उसकी मुकम्मल सफाई कराने के बाद ही इसका उपयोग करना होगा. नपा ने इस दिशा में अभी कोई कार्ययोजना नहीं बनाई है. इस प्रकार नपा ने पहले तो टंकी निर्माण में 12 साल का समय बर्बाद कर दिया और अब उसे भरने के लिये कोई व्यवस्था नहीं कर एक दूसरी चूक की है.

खेत में चल रहा था जुआं, पुलिस ने दी दबिश

22 बाइक, 5 मोबाइल सहित 4 लोग गिरफ्तार

- खुजनेर के समीप गोपालपुरा में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 09 दिसम्बर, का. खुजनेर पुलिस ने मंगलवार की देर शाम को मुखबिर की सूचना पर कार्यवाई करते हुए खुजनेर के समीप गोपालपुरा में खेत पर चल रहे जुआं का भंडाफोड़ करते हुए यहां से 4 लोगों का हिरासत में लेते हुए 22 बाइक, 5 मोबाइ जप्त किया.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर द्वारा खेत में जुआं खेलने की जानकारी मिलने पर पुलिस द्वारा गोपालपुरा स्थित खेत में दबिश दी गई, मौके पर से चार लोगों को हिरासत में लिया गया है, जबकि वहां मौजूद अन्य लोग मौके पर से फरार हो गये. यहां से 22 बाइक कीमत करीब 20 लाख रुपये, 5 मोबाइल कीमत लगभग एक लाख रुपये तथा 80 हजार रुपये नगदी बरामद किए गये. पुलिस द्वारा संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्यवाई की जा रही थी.

पूर्व इंका पार्षद श्रीमती कमलेश शिवहरे का निधन

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 09 दिसम्बर, का. पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष स्व दिलीप शिवहरे की धर्मपत्नी, पूर्व पार्षद श्रीमती कमलेश शिवहरे का मंगलवार को असामायिक देवलोकगमन हो गया. वह सुनील शिवहरे, राजेश शिवहरे की काकी तथा अंकित शिवहरे,अंकुर शिवहरे की माताजी थी. श्रीमती शिवहरे काफी सहज, सरल एवं मिलनसार महिला थी. उनके निधन से मिलने-जुलने वालों सहित नगर में शोक छा गया. उनके निवास कृष्ण पुरम कॉलोनी गुना रोड से शवयात्रा प्रारंभ होकर स्थानीय राजगढ़ रोड स्थित मुक्तिधाम पहुंची जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया. पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, समाजसेवी डा. कैलाशचंद्र मिश्रा, वरिष्ठ व्यवसायी सम्पत मोदानी, पार्षद इकबाल हुसैन, विष्णु बड़ोने, मनीष शर्मा चोटी, राजू चौरसिया, महेन्द्र सिलावट, कपिल शिवहरे, सुरेन्द्र तोमर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, गणमान्य नागरिकों, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.

कवि सम्मेलन आज

नवभारत न्यूज, ब्यावरा 09 दिसम्बर, का. कलमकार परिषद के द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन रखा गया है. 30 वें कवि सम्मेलन में जाने-माने कविगण रचना पाठ करेंगे. सुभाष चौक में रात्रि 8.30 बजे से कवि सम्मेलन प्रारंभ होगा. आयोजक राजेन्द्र खत्री के अनुसार कवि सम्मेलन में पंडित अशोक नागर शाजापुर, राजेन्द्र जैन हास्य कनासिया, सुश्री शीतल देवयानी इंदौर, दिनेश अनल ओज उज्जैन, कन्हैया राज गीतकार ब्यावरा, मनोज दुबे गीतकार कांटाफोड़ कन्नोद, मनोहर मसखरा हास्य व्यंगकार शुजालपुर, प्रियांशी पाटीदार कालापीपल, सचिन निडर गीतकार खाचरौंद, गोपाल दुस्तर गीतकार बरखेड़ा आदि के द्वारा कविता पाठ किया जाएगा. आयोजन के सूत्रधार डालचंद मनमौजी द्वारा समस्त काव्य रसिक श्रोताओं से अधिकाधिक संख्या में कवि सम्मेलन के आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया गया है.

जिला खाद्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस

राजगढ़ 09 दिसम्बर, का. जिले के आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान हेतु कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा 'संवाद से समाधान' कार्यक्रम की अभिनव पहल शुरू की गई है. यह कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई से पूर्व आयोजित किया जाता है. इसमें विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और शिकायतकर्ता आमने-सामने बैठकर शिकायतों का समाधान करते हैं. इस सप्ताह लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग एवं खाद्य विभाग से संबंधित 6 शिकायतों की समीक्षा की गई है. कलेक्टर डॉ. मिश्रा स्वयं प्रत्येक शिकायत को व्यक्तिगत रूप से सुन कर मौके पर ही उसका समाधान सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया. 'संवाद से समाधान' ने आमजन के बीच प्रशासन के प्रति विश्वास और पारदर्शिता को और मजबूत किया है.

बस्ता, बौद्धिक प्रतियोगिता में अव्वल आए बच्चों को प्रोत्साहित किया

नवभारत न्यूज, सुठालिया 09 दिसम्बर, सं. सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सुठालिया में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें समस्त भैया बहनों को पुरस्कृत किया गया. वर्ष भर विद्यालय में होने वाले कार्यक्रमों सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीडा प्रतियोगिता,बस्ता प्रतियोगिता, गणवेश प्रतियोगिता,बौद्धिक प्रतियोगिता एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाये पांचवीं,आठवीं, दसवीं में नगर,संकुल,एवं जिले में प्रथम आने वाले भैया बहिनों को प्रमाण-पत्र एवं शिल्ड से सम्मानित किया. दसवीं बोर्ड में प्रथम पुरस्कार 5100 रुपए अशोक अग्रवाल,आठवीं में प्रथम पुरस्कार 2100 रुपए संजय पालीवाल,पांचवीं में प्रथम पुरस्कार 1100 रुपए भगीरथ धनगर की ओर से भैया बहनों को प्रदान किए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तहसीलदार दोजीराम अहिरवार,मुख्य वक्ता विभाग समन्वयक गुरुचरण गौड, विशेष अतिथि थाना प्रभारी अनिल रहौरिया,अशोक अग्रवाल,भागीरथ धनगर,श्याम सोंधिया,कुलदीप सिंह, एवं आचार्य दीदी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र मीणा ने कियाद्य आभार संस्था प्राचार्य शिवराज सिंह चौहान ने माना.

प्रमुख अभियंता का सारंगपुर सीएमओ ज्योति सुनेरे ने किया स्वागत

नवभारत न्यूज, सारंगपुर 09 दिसम्बर, सं. नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत प्रमुख अभियंता पद से सेवा निवृत्त सुरेश सेजकर एवं वर्तमान मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण (एमपीआरआरडीए) मुख्य महाप्रबंधक सागर शासकीय कार्य से नगर पालिका सारंगपुर में आगमन हुआ, जिनका मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे एवं निकाय के कर्मचारियों के द्वारा साफा बांधकर व फुलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया श्री सेजकर द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी से सहज भेंटकर उनको नगर पालिका कार्य प्रणाली व निकाय के कार्यो से संबंधित आवशयक चर्चा की श्री सेजकर द्वारा नगर पालिका में चल रहे विकास कार्यो के संबंध में सुश्री सुनहरे से चर्चा कर निकाय के कार्यो के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया.

जनसुनवाई में गैरहाजिर सीएमएचओ को नोटिस

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 09 दिसम्बर, का. शासन की महती जनसुनवाई प्रक्रिया से जिम्मेदार अधिकारी बचते नजर आ रहे है. इसी क्रम मं में मंगलवार को जनसुनवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित पाई गई. गैर हाजिर होने और जनसुनवाई के प्रकरण को गंभीरता से न लेने पर सीएमएचओ को कारण बताओ नोटिस एवं डीपीएम की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए. आयोजित जनसुनवाई में ग्राम भाटखेडी निवासी गोकुलप्रसाद ने बताया कि आवेदक को ऑनलाईन ऋण पुस्तिका नहीं मिल पा रही है. जिससे आवेदक को काफी परेशानी हो रही है केसीसी कार्य में भी परेशानी का सामना करना पड रहा है. कलेक्टर द्वारा एसडीएम ब्यावरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. ग्राम पटाधियाधाकड निवासी रफीक ने बताया कि आवेदक के मकान पर बिजली गिरने से मकान क्षतिग्रस्त हो गया हैं. जिससे आवेदक एवं आवेदक के परिवार को रहने में काफी परेशानी हो रही है. कलेक्टर द्वारा तहसीलदार पचोर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

ग्राम रामपुरिया निवासी गोवर्धन ने बताया कि आवेदक ने अपनी फसल का पंजीयन कराया था परन्तु आज दिनांक तक फसल पंजीयन की राशि आवेदक को प्राप्त नहीं हुई है. जिस पर कलेक्टर द्वारा मंडी सचिव ब्यावरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

भाला फेंक : मृदुल डोंगरे लखनऊ स्पर्धा में दिखाएंगे अपना दम

लखनऊ में होगी राष्ट्रीय एथलेटिक्स, सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट के मृदुल डोंगरे भाला फेंक में भाग लेंगे

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 09 दिसम्बर, सं. सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट हाई स्कूल, सारंगपुर के होनहार छात्र मृदुल डोंगरे का चयन अंडर-17 राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए किया गया है. यह प्रतियोगिता 13 दिसंबर से 17 दिसंबर तक उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित की जाएगी. मृदुल इस राष्ट्रीय मंच पर भाला फेंक स्पर्धा में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे. मृदुल की इस उपलब्धि से स्कूल परिसर में हर्ष का माहौल है. स्कूल प्रबंधन और स्टाफ ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए उम्मीद जताई है कि वे लखनऊ में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे. स्कूल के मैनेजर फादर पॉल, प्रिंसिपल सिस्टर मर्लिन , वाइस प्रिंसिपल अमजीत सर और खेल शिक्षक रोबिन राजू तथा सय्यद नवाज़ ने मृदुल को शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

कलेक्टर ने दी पांच हजार की सहायता

राजगढ़ 09 दिसम्बर, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आवेदक श्री कनीराम सिसौदिया ग्राम बिरगडी सारंगपुर निवासी को रेडक्रॉस से पाच हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदाय की गई. आवेदक श्री सिसौदिया ने बताया कि आवेदक की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है आवेदक के परिजन का ईलाज बाम्बे हास्पिटल इंदौर में चल रहा है. इस दौरान विधायक नरसिंहगढ़ मोहन शर्मा भी उपस्थित रहे.

विरोध राहगीरों ने रोड जाम किया, मौके पर पहुंचे जिम्मेदारों ने लिखित में दिया आश्वासन

सड़क, नाली नहीं बनने पर भड़के रहवासी, जाम लगाया

नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़ 09 दिसम्बर, सं. नगर के वार्ड 7 के रहवासियों द्वारा वार्ड में सड़क एवं नाली निर्माण नहीं होने से नाराज रहवासियों ने मंगलवार को फूलबाग चौराहे स्थित मार्ग पर जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया. वार्ड के घोसी गली में सड़क और नाली निर्माण नहीं होने से आने-जाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. इन्हीं परेशानियों को लेकर मंगलवार को रोड पर जाम लगा दिया.

गौरतलब है कि वार्ड 7 के रहवासियों को सड़क निर्माण नहीं होने के कारण उखड़े रोड,

कीचड़ आदि से सामना करना पड़ रहा है. इस विकट समस्या को लेकर मंगलवार को रहवासियों ने मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया. लोग सड़क पर बैठ गये और जमकर नपा के विरुद्ध नारेबाजी की. रहवासियों का कहना है कि सड़क की बदहाली के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

आवागमन में परेशानी का करना पड़ता है सामना- रहवासियों का कहना है कि वर्षों से सड़क नहीं बनी है और मुख्य मार्ग ऊंचा होने से नाली का पानी गली में भर जाता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी होती है. शिकायतों के बाद भी सुनवाई न होने से आंदोलन की नौबत आई. जाम लगने से मुख्य मार्ग पर आमजन को दिक्कतों का सामना करना पड़ा, हालांकि पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों से यातायात सुचारु कराया. नपाध्यक्ष कविता लोकेन्द्र वर्मा ने बताया कि सड़क निर्माण की स्वीकृति हो चुकी है और आठ दिनों में काम शुरू कर दिया जाएगा. वहीं पार्षद प्रवीण ग्रोवर ने कहा है कि यदि तय समय में कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे इस्तीफा देकर आंदोलन करेंगे.

लिखित में आश्वासन के बाद हटाया जाम

प्रदर्शन में पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण ग्रोवर भी बैठे. नपाध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेन्द्र वर्मा मौके पर पहुंचे और 8 दिन के भीतर कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद मामला शांत हुआ. जिम्मेदारों द्वारा लिखित में यह आश्वासन दिया गया कि 8 दिन में वार्ड में सड़क का निर्माण कार्य शुरु कर दिया जाएगा इसके बाद रहवासियों ने जाम हटाया. जाम के कारण आवागन पूरी तरह थम गया.